कार्यालय कमाण्डेण्ट पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर

क्रमांक : पीटीएस–अल / प्रशि. / विशि. प्रशि. कार्यक्रम / 2024 / 70-73 13, जनवरी, 2025

प्रेषिती :

1. श्रीमान पुलिस आयुक्त,
   पुलिस आयुक्तालय, जयपुर।
2. श्रीमान् पुलिस अधीक्षक,
   जिला– अलवर / भिवाडी / खैरथल–तिजारा / कोटपूतली–बहरोड / जयपुर ग्रामीण / दौसा / दूदू / सीकर / झुन्झुनू / नीमकाथाना व चूरू।

विषयः 05 दिवसीय **"नवीन आपराधिक कानून 2023"** विषय पर ऑफ–लाइन विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु पुलिस कार्मिकों (कानि / हैडकानि.स्तर) के मनोनयन भिजवाने बाबत।

प्रसंगः श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण, राजस्थान, जयपुर के कार्यालय पत्रांक 215 दिनांक 13.01.2025 की पालना में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सादर निवेदन है, कि प्रासंगिक पत्र के निर्देशानुसार नवीन आपराधिक कानून–2023 के प्रशिक्षण की कार्ययोजना के अनुसार **जिले / आयुक्तालय के प्रशिक्षण से शेष रहे अनुसंधान अधिकारियों को माह जनवरी 2025 में 110–110 के 09 बैच (एक माह में 03 बैच) ऑफ–लाइन विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश प्रदान** किये है।

अतः निर्देश की अनुपालना में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर में माह जनवरी, 2025 में आयुक्तालय जयपुर / जयपुर रेंज / सीकर रेंज के अधीनस्थ जिलों के कानि. / हैडकानि. स्तर के कार्मिकों हेतु निम्नानुसार 03 ऑफ–लाइन विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना नियत है :–

क्र.सं.	नाम विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम	प्रशिक्षण की अवधि	सीटो की संख्या	संस्थान में उपस्थिति देने की दिनांक
1	**"नवीन आपराधिक कानून 2023" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम**	05 दिवस दि. 15.01.25 से 19.01.25 तक	(कानि. / हैडकानि.स्तर) प्रत्येक जिले 10–10 कार्मिक	**दिनांक 14.01.2025 सायंकाल तक**
2		05 दिवस दि. 20.01.25 से 24.01.25 तक	(कानि. / हैडकानि.स्तर) प्रत्येक जिले 10–10 कार्मिक	**दिनांक 19.01.2025 सायंकाल तक**
3		05 दिवस दि. 27.01.25 से 31.01.25 तक	(कानि. / हैडकानि.स्तर) प्रत्येक जिले 10–10 कार्मिक	**दिनांक 26.01.2025 सायंकाल तक**

अतः उक्त विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आपके जिले से 10–10 पुलिस कार्मिकगण (कानि. से हैडकानि. स्तर) का पृथक–पृथक प्रशिक्षणानुसार शत–प्रतिशत मनोनयन कर अंकित दिनांक की सायंकाल तक सिविल औपचारिक वेशभूषा एवं वर्दी के साथ आवश्यक रूप से पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर मे उपस्थिति देने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें।

सादर,

संलग्न : प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति।

भवदीय

(जितेन्द्र नावरिया, पु.नि.)
कृते–कमाण्डेण्ट
पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

1. श्रीमान अति. महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण, राजस्थान, जयपुर को प्रासंगिक पत्र की पालना में सूचनार्थ सादर प्रेषित है।
2. श्रीमान महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज / सीकर रेंज।

कृते–कमाण्डेण्ट
पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर।

Validity unknownSignature valid

Digitally signed by Ji[illegible]dra Nawaria
Designation :[illegible]spe[illegible]or
Date: 2025.0[illegible]:19:08 IST
Reason: Approv[illegible]